वाराणसी एयरपोर्ट पर जल्द शुरू होगी डिजी यात्रा

चर्चा में क्यों?

29 नवंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी एयरपोर्ट निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 1 दिसंबर से डिजी यात्रा की सेवा मिलने लगेगी। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दिल्ली से इसका वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

प्रमुख बिंदु

- एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि डिजी यात्रा के तहत यात्रियों के लिये उनका चेहरा ही बोर्डिंग पास होगा। इससे यात्रियों को तमाम कागज़ात से छुटकारा मिलेगा और उनके समय की बचत होगी।
- पहले घरेलू विमानों पर इस डिजी यात्रा के तहत प्रवेश दिया जाएगा, उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय विमानों के लिये डिजी यात्रा की शुरुआत की जाएगी। इससे बोर्डिंग पास के दौरान लगने वाले समय में 50 फीसदी की बचत होगी।
- उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट पर यात्री मोबाइल से भी डिजी यात्रा के लिये पंजीकरण करा सकते हैं। एयरपोर्ट पर लगे डिजी यात्रा क्यूआर कोड को मोबाइल से स्कैन किया जाएगा। इसके बाद पंजीकरण के लिये आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल नंबर ज़रूरी होगा। डिजी यात्रा के लिये प्ले स्टोर से डिजी यात्रा ऐप डाउनलोड कर यात्री घर-बैठे भी पंजीकरण कर सकते हैं। इससे यात्रियों के समय की बचत के साथ उन्हें आसानी से टर्मिनल भवन में प्रवेश मिलेगा।
- इसके अलावा डिजी यात्रा के दौरान एयरपोर्ट पर लगी मशीन में यात्री का बेसिक डाटा स्टोर हो जाएगा। इसके बाद जब भी यात्रा करना होगा, उसे किसी भी तरह के कागज़ों की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। यात्री एयरपोर्ट पर डिजी यात्रा मशीन में अपना चेहरा व टिकिट स्कैन करा कर प्रवेश कर सकेंगे। एक दिसंबर को डिजी यात्रा के जरिये प्रवेश पाने वाले यात्री को विशेष इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य यात्रियों को भी उपहार दिया जाएगा।
- अर्यमा सान्याल ने बताया कि एयरपोर्ट के गेट नंबर दो पर ही डिजी यात्रा की सुविधा होगी। डिजी यात्रियों के लगेज के लिये अलग काउंटर होगा। इन यात्रियों के लगेज संबंधित काउंटर से विमान तक पहुँचा दिये जाएंगे।
- शुरुआत में इंडिगो एयरलाइंस यह सेवा देगी। पहले दिन दिल्ली के विमान यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इसके बाद एयर इंडिया और विस्तारा सेवा देंगी। अभी वाराणसी एयरपोर्ट पर इंडिगो से यात्रा करने वाले यात्रियों को ही डिजी यात्रा की सुविधा मिल रही है।
- उल्लेखनीय है कि वाराणसी एयरपोर्ट पर 1 दिसंबर से डिजी यात्रा की शुरुआत हो रही है। इससे पहले डिजी यात्रा का ट्रायल किया जा रहा था। एयरपोर्ट पर जनवरी से डिजी यात्रा के लिये ट्रायल शुरू हुआ था, तब से अभी तक 5526 यात्रियों ने डिजी यात्रा के तहत यात्रा की है। वहीं 877 यात्रियों ने ऐप डाउनलोड कर रजिस्ट्रेशन किया है।
- वाराणसी के साथ ही दिल्ली और बंगलूरू एयरपोर्ट पर भी डिजी यात्रा का शुभारंभ होगा। हालाँकि, लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (बाबतपुर हवाई अड्डा) देश का पहला हवाई अड्डा होगा, जहाँ सेवाएँ एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधीन संचालित हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/digi-yatra-will-start-soon-at-varanasi-airport